दिन–बुधवार दिनांक– 05 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। साथ ही मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति ने श्री मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उन्हें अंतरिम व्यवस्था के तहत नए मंत्रिमंडल का गठन होने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर बने रहने का अनुरोध किया।

——————————————

इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अन्य कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। यह बैठक लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के एक दिन बाद हुई।

——————————————

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। 543 सदस्यों वाली लोकसभा के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 292 सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले 240 सीटें हासिल की है। तेलुगु देशम पार्टी को 16 और जनता दल–यूनाईटेड को 12 सीटें मिली हैं। इंडी गठबंधन ने 233 सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में 18 सीटें गई हैं। कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीती हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 29 और डीएमके ने 22 सीटों पर विजय हासिल की हैं।

इधर, सरकार गठन को लेकर एनडीए की आज दिल्ली में बैठक आयोजित की गयी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन.चंद्रबाबू

नायडू समेत एनडीए के अन्य घटक दलों के नेता शामिल होंगे। इधर, इंडी गठबंधन की भी आज शाम दिल्ली में बैठक आयोजित की गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर विचार के लिए शाम छह बजे गठबंधन की बैठक होगी। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी शामिल होंगे। इस बीच नई दिल्ली पहुंचने पर संवाददाताओं से बातचीत में जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि केन्द्र में एनडीए की ही सरकार बन रही है।

जदयू ने कहा है कि पार्टी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए का पूरा समर्थन करती है। पार्टी प्रवक्ता के सी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी ने जिस कारण से इंडी गठबंधन छोड़ा था वह अब भी बना हुआ है और उसके साथ वापस जाने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा चाहती है।

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने पृथ्वी पर जीवन संरक्षण के लिए उन्नीस सौ तिहत्तर से प्रत्येक वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नई दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री ने बुद्धा जंयती पार्क में पौधा रोपण किया। श्री मोदी ने प्रत्येक देशवासी से अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। श्री मोदी ने इससे संबंधित तस्वीर हैशटैग प्लांट फॉर मदर और हैशटैग एक पेड़ मां के नाम के साथ, साझा करने की अपील की है। इधर, राजधानी पटना समेत सभी जिला मुख्यालायों में पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाल्मीकिनगर में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

इधर, आज दोपहर बाद सीतामढ़ी और मधुबनी जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। साथ ही अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डिहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।